यूटीयू के छात्र अर्नव्हाइल लर्न योजना से होंगे लाभान्वित

सहारा न्यूज ब्यूरो

प्रवेशित छात्रों को मिलेगा 'अर्न व्हाइल लर्न' योजना का लाभ

देहरादून।

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में सत्र 2023-24 से छात्र-छात्राओं को 'अर्न व्हाइल लर्न योजना' का लाभ मिलेगा। योजना के तहत जरूरतमद छात्रों को पढ़ाई के दौरान संस्थानों व विश्वविद्यालय में निर्धारित कक्षाओं के बाद पार्ट टाइम काम देने की व्यवस्था की जा रही है, जिसका अनुमोदन विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में प्राप्त है। छात्रों को लाईब्रेरी में कैटालॉगिंग, शेल्विंग व्यवस्था, डिसप्ले ऑफ बुक्स, लाइब्रेरी से किताबे निर्गत व प्राप्त करना और कार्यालयी प्रशासन में सहायता के रूप में डाटा हैंडलिंग, डाटा प्रिप्रेशन, फिलिंग वर्क, डाटा फीडिंग, टाईपिंग, चेकिंग, स्कैनिंग, प्रिंटिंग, फिलिंग वर्क, ड्राफ्टिंग आदि, परीक्षा अनुभाग संबंधी कार्य, सॉफ्टवेयर डेवलॉपिंग, सोशल मीडिया हैंडलिंग, विश्वविद्यालय व संस्थान के लिए विभिन्न ऐप्लिकेशनस् में सॉफ्टवेयर मॉड्यूल्स में डिजिटल कन्टेंट तैयार करना और लैबोट्री वर्क्स (केवल स्नातकोत्तर व पीएचडी शोधार्थियो के लिए) का कार्य इस योजना के तहत होगा।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र जो यूटीयू एल्युमिनी एसोसिएशन के सदस्य होंगे, उन्हीं में से विश्वविद्यालय की ओर से निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्व छात्रों की स्वेच्छा से काउंसिलर नामित होंगे जो अध्ययनरत छात्रों के लिए काउंसिलिंग कर उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में योजना के उद्देश्यों के अनुरूप काम कार्य करने को प्रेरित करने व छात्रों को उनकी आवश्यकताओं, क्षमताओं और कौशल के अनुसार उनके भविष्य की राह को आकार देने को परामर्श देने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि छात्र इस योजना के तहत सॉफ्टवेयर डेवलॉपिंग के लिए 250 रुपये प्रतिघंटा व एक दिन में अधिकतम तीन घंटा व प्रत्येक महीने में अधिकतम 12000 रुपये कैपिंग लिमिट रखी गयी है। टीचिंग असिस्टेंट (केवल पीएचडी शोधार्थी) को रुपये 500 रुपये प्रति घंटा जिसकी कैपिंग लिमिट 12000 रुपये निधारित की गयी है। अन्य काम के लिए 100 रुपये प्रति घंटा, जिसकी कैपिंग लिमिट 6000 रुपये प्रत्येक माह निर्धारित की गयी है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में नामांकित व विभिन्न संस्थानों अध्ययनरत आर्थिक रूप से मदद के अभिलाषी छात्र-छात्राएं जिनका 'अर्न व्हाइल लर्न योजना' के लिए नामांकन होगा, वे अपनी एकैडमिक गतिविधियों को प्रभावित किये बिना योजना का उठा सकेंगे।

छात्रों को वर्णित विभिन्न क्षेत्रों में अपना हुनर दिखाते हुए और विवि की ओर से दिए जा रहे सुनहरे अवसरों का लाभ उठाते हुए अपने आप को स्किल्ड करने का लक्ष्य रखने वाले जरूरमंद छात्रों को इसमें रुचि रखनी चाहिए।